**अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 21.06.2025**

## धार्मिक आयोजनों की ड्रोन कैमरों से कराएं निगरानी

बरेली। एडीजी जोन रमित शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सावन और मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए की जा रहीं तैयारियों की समीक्षा की। धार्मिक आयोजनों, जुलूसों की ड्रोन कैमरों से निगरानी कराएं। विवाद वाले स्थानों को चिह्नित कर राजपत्रित अधिकारियों से उनको सत्यापन करा लें। संवेदनशील स्थानों पर उच्चाधिकारी खुद जाकर समीक्षा कर लें। ड्रोन कैमरों के माध्यम से जुलूस के मार्गों का निरीक्षण किया जाए। बैठक में जोन के सभी जिलों के पुलिस कप्तान शामिल रहे। संवाद

**दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 21.06.2025**

# संवेदनशील स्थानों पर देखें विवाद की स्थिति, त्योहार पर नहीं पड़े नई परंपरा

- एडीजी जोन ने अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर दिए निर्देश
- बोले, सावन मास, कांवड़ यात्रा और मुहर्रम पर कानून व्यवस्था बनी रहे

जासं, बरेली : अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) जोन रमित शर्मा ने शुक्रवार शाम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जोन के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने श्रावण मास, कांवड़ यात्रा और मुहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों और कानून-व्यवस्था की कई बिंदुओं पर समीक्षा की।

एडीजी जोन ने अधिकारियों से कहा कि आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने को प्रत्येक थाने पर त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाए और प्रत्येक थानाक्षेत्र में शांति समितियों, धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर लें। इन पर्वों पर कोई नई परंपरा नहीं पड़ने दी जाए और ऐसे स्थानों को चिह्नित कर लिया जाए जहां पूर्व में विवाद हुआ हो और उन स्थानों पर राजपत्रित अधिकारी मौके पर जाकर भौतिक निरीक्षण करें। पूर्व में हुए विवादों में चिह्नित अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए उन पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। संवेदनशील स्थानों पर उच्चाधिकारी खुद मौके पर जाकर समीक्षा कर लें कि वर्तमान में वहां पर कोई विवाद की स्थिति तो नहीं है।

त्योहारों पर निकलने वाले जुलूसों के साथ बाक्स फार्मेशन में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए और जुलूस के मार्ग पर रूफटाप ड्यूटी लगाने के साथ ही सादे वस्त्रों में भी जुलूस में ड्यूटी लगाई जाए। ड्रोन कैमरों के माध्यम से जुलूस के मार्गों का निरीक्षण किया जाए। कानून व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 21.06.2025

# सावन और मोहर्रम में नई परंपरा पर होगी कार्रवाई

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** आगामी त्योहार सावन, कांवड़-यात्रा और मोहर्रम को लेकर एडीजी रमित शर्मा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जोन के पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग कर तैयारियों को लेकर समीक्षा की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

इस दौरान एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रत्येक थाने पर त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाए और शान्ति समितियों व धर्मगुरुओं की बैठक कर ली जाए। उन्होंने पुराने विवादों को चिह्नित कर राजपत्रित अधिकारियों को सत्यापन करने के निर्देश दिए और कहा कि कोई नई परंपरा न पड़ने दी जाए। पूर्व में हुए विवादों में चिह्नित अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए उन पर सतर्क दृष्टि रखी जाए।

कहा कि संवेदनशील स्थानों पर उच्च अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर समीक्षा करें। जुलूसों के साथ बॉक्स फार्मेशन में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए और उसके मार्ग पर रूफटॉप ड्यूटी लगाने के साथ सादे वस्त्रों में भी पुलिस तैनात रहे। उन्होंने जुलूस के मार्गों का ड्रोन कैमरों के माध्यम से निरीक्षण कराने और कानून व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

# त्योहार पर नहीं पड़े नई परंपरा: एडीजी

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (20 June):** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) जोन रमित शर्मा ने शुक्रवार शाम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जोन के अधिकारियों के साथ बैठक की. उन्होंने श्रावण मास, कांवड़ यात्रा और मुहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए की गई तैयारियों और कानून-व्यवस्था की कई बिंदुओं पर समीक्षा की.

## कई बिंदुओं पर समीक्षा

एडीजी जोन ने अधिकारियों से कहा कि आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने को प्रत्येक थाने पर त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाए और प्रत्येक थानाक्षेत्र में शांति समितियों, धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर लें. इन पर्वों पर कोई नई परंपरा नहीं पड़ने दी जाए और ऐसे स्थानों को चिह्नित कर लिया जाए जहां पूर्व में विवाद हुआ हो और उन स्थानों पर राजपत्रित अधिकारी मौके पर जाकर भौतिक निरीक्षण करें. पूर्व में हुए विवादों में चिह्नित अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए उन पर सतर्क दृष्टि रखी जाए. संवेदनशील स्थानों परच्उच्चाधिकारी खुद मौके पर जाकर समीक्षा कर लें कि वर्तमान में वहां पर कोई विवाद की स्थिति तो नहीं है. त्योहारों पर निकलने वाले जुलूसों के साथ बाक्स फार्मेशन में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाए और जुलूस के मार्ग पर रूफटाप ड्यूटी लगाने के साथ ही सादे वस्त्रों में भी जुलूस में ड्यूटी लगाई जाए. ड्रोन कैमरों के माध्यम से जुलूस के मार्गों का निरीक्षण किया जाए. कानून व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए.

## टेलीग्राम संवाद जनपद बरेली दिनॉक 21.06.2025

# नए आपराधिक कानून और चुनौतियों पर हुई विशेष पुलिस बैठक

## एडीजी रमित शर्मा ने अनुभवी विवेचकों संग बैठक में दिए दिशा-निर्देश

टेलीग्राम संवाद

**बरेली।** बरेली जोन में नए आपराधिक कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और उनमें आ रही व्यवहारिक कठिनाइयों को लेकर एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय पुलिस बैठक आयोजन किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी), बरेली जोन, रमित शर्मा अध्यक्षता में जोनल कार्यालय बरेली में संपन्न हुई। जिसमें जोन के सभी जिलों से अनुभवी और सक्रिय विवेचकों को आमंत्रित किया गया था।

बैठक का उद्देश्य नए आपराधिक कानूनों अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों की विवेचना में आ रही व्यवहारिक समस्याओं को समझना, साझा करना और उसका प्रभावी समाधान तलाशना।

बैठक में बरेली परिक्षेत्र पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी, जनपद बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मुकेश चन्द्र मिश्र, नगर क्षेत्राधिकारी प्रथम आशुतोष शिवम, पुलिस उपाधीक्षक/स्टाफ ऑफिसर जोन धर्मेन्द्र कुमार राय, और पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) शुएब समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

एडीजी रमित शर्मा ने सभी विवेचकों से फील्ड में आने वाली कठिनाइयों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और यथासंभव



व्यावहारिक व कानूनी समाधान सुझाए। उन्होंने निर्देशित किया कि नए कानूनों की जटिलताओं को लेकर प्रत्येक विवेचक को न केवल विधिक जानकारी होनी चाहिए, बल्कि साक्ष्य संकलन, अपराध सिद्धि व आरोप पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया को भी सुगम और प्रभावी बनाना होगा।

बैठक में कई मामलों का उदाहरण लेकर केस स्टडी आधारित चर्चा की गई, जिसमें आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई में आ रही तकनीकी बाधाओं और न्यायालयीन दृष्टिकोण को भी समझा गया। एडीजी ने बताया कि इन नए कानूनों के लागू होने से पुलिसिंग में पारदर्शिता, साक्ष्य आधारित जांच और पीड़ित केन्द्रित न्याय प्रणाली को मजबूती मिलेगी।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने सुझाव दिया कि जिलों में विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर विवेचकों को इन कानूनों की व्याख्या और प्रयोगात्मक ज्ञान दिया जाए। एसएसपी अनुराग आर्य ने विवेचना की गुणवत्ता सुधारने के लिए डिजिटल टूल्स और केस ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम को और मजबूत करने पर बल दिया।

एडीजी ने कहा कि जोन स्तर पर इस प्रकार की बैठकों का आयोजन नियमित किया जाएगा, ताकि कानून व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके और विवेचकों की चुनौतियों को समय रहते दूर किया जा सके।

---

## अमर उजाला जनपद अमरोहा दिनॉक 21.06.2025

# निर्धारित समय में मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराएं : एडीजी

**अमरोहा।** एडीजी रमित शर्मा ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर कार्य को निर्धारित समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न करने के निर्देश संबंधितों को दिए।

शुक्रवार को एडीजी निर्माणाधीन नई रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण करने पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से किसी तरह से समझौता न किया जाए। इस दौरान उनके साथ एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया, क्षेत्राधिकारी लाईन अभिषेक यादव, क्षेत्राधिकारी नगर शक्ति सिंह, क्षेत्राधिकारी साइबर अंजली कटारिया व प्रतिसार निरीक्षक घनश्याम मौजूद रहे। संवाद

## *आरक्षियों को जरूरी सुविधाएं देने के निर्देश*

***अमरोहा।*** *एडीजी रमित शर्मा ने जेटीसी, आरटीसी के लिए आए हुए आरक्षियों के प्रशिक्षण के मद्देनजर आरटीसी डिडौली कैंपस का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को एडीजी ने आरक्षियों के प्रशिक्षण की मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने आरक्षियों की आवासीय व्यवस्था, क्लासरूम, कम्प्यूटर लैब, सीसीटीवी कक्ष, मैस, कैंटीन, परेड ग्राउंड, स्नानागार एवं शौचालय जैसी सभी आवश्यक सुविधाओं को परखा। उन्होंने आरक्षियों से बातचीत करके उनकी समस्याएं भी जानीं। साथ ही संबंधितों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न होने देने एवं समुचित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संवाद*

दैनिक जागरण जनपद अमरोहा दिनॉक 21.06.2025

# एडीजी ने पुलिस लाइंस का किया निरीक्षण

जासं, अमरोहाः अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) बरेली जोन रमित शर्मा ने एसपी अमित कुमार आनंद के साथ गुरुवार रात निर्माणाधीन पुलिस लाइंस का निरीक्षण किया। अधीनस्थ को दिशा निर्देश दिए। उसके बाद गांव फत्तेहपुर स्थित रिक्रूट प्रशिक्षण सेंटर का निरीक्षण किया। आवासीय व्यवस्थाओं, शौचालय, स्नानागार, पेयजल, विद्युत, पंखा/कूलर आदि सभी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की गहन जांच की। रिक्रूट आरक्षियों से बातचीत करते हुए एडीजी ने कहा कि वह मेहनत और ईमानदारी के साथ अपना काम करें। किसी भी तरह की कोई दिक्कत हो तो वह पुलिस अधिकारियों को बताएं। जिनका जल्द ही समाधान किया जाएगा। एडीजी ने देरे रात एसपी कार्यालय सभागार में अधीनस्थ की बैठक भी



गुरुवार रात जोया में निर्माणाधीन पुलिस लाइंस के निरीक्षण के दौरान जानकारी करते एडीजी जोन रमित शर्मा व एसपी अमित कुमार आनंद ● सौ. पुलिस

ली। अपराध नियंत्रण पर जोर देते हुए जनशिकायतों के निस्तारण पर जोर दिया। बाद में अभियान 'परवाह' के तहत बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया। यहां एसपी अमित कुमार आनंद, एएसपी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिटी शक्ति सिंह, सीओ साइबर अंजलि कटारिया, प्रतिसार निरीक्षक घनश्याम भी मौजूद रहे।

हिन्दुस्



अमरोहा में शुक्रवार को निर्माणाधीन रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एडीजी।

# रिक्रूट सेंटर का निरीक्षण कर एडीजी ने व्यवस्थाओं में बदलाव के दिए निर्देश

**अमरोहा।** एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने एसपी अमित कुमार आनंद के साथ गुरुवार रात डब्ल्यूटीएम कालेज में बनाए रिक्रूट प्रशिक्षण सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिक्रूटों की आवासीय व्यवस्था, शौचालय, स्नानागार, पेयजल, बिजली, पंखा, कूलर आदि सुविधाओं की स्थिति देखी। रिक्रूट आरक्षियों से बात कर मेहनत और ईमानदारी के साथ अपना काम करने को कहा। कहा कि किसी भी तरह की दिक्कत होने पर रिक्रूट पुलिस अधिकारियों को बताएं। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन पुलिस लाइन का भी निरीक्षण किया।

अमर भारती जनपद अमरोहा दिनॉक 21.06.2025

# अमरोहा में 450 युवाओं को डिजिटल योद्धा बनाएगी पुलिस

**अमर भारती संवाददाता, अमरोहा।** जनपद भर में साइबर अपराधों से निपटने के लिए पुलिस ने एक अनोखी पहल शुरू की है। जहां वेंकटेश्वरा युनिवर्सिटी में पुलिस ने साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप प्रोग्राम की शुरुआत की है। शुक्रवार को जनपद के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि इस 12 दिवसीय इंटर्नशिप में देशभर से 4 सौ 50 युवा हिस्सा लेंगे। और कार्यक्रम के शुभारंभ में एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा व एसपी अमित कुमार आनंद उपस्थित रहे। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया द्वारा कार्यक्रम का निर्देशन किया गया वहीं इंटर्नशिप का मुख्य उद्देश्य इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के छात्रों को साइबर सुरक्षा में प्रशिक्षित करना है। साथ ही प्रतिभागियों को डिजिटल एवं फॉरेंसिक सोशल मीडिया ट्रैकिंग तथा ऑनलाइन फ्रॉड की पहचान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साइबर एक्सपर्ट और आईटी प्रोफेशनल



प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे। पुलिस अधीक्षक के अनुसार यह पहल अपराधियों को पकड़ने के साथ-साथ तकनीकी रूप से सक्षम नागरिक तैयार करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि एपीसी एसआइपी 2025 के माध्यम से जनपद भर की पुलिस द्वारा पूरे देश में साइबर अपराध के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। और यह कार्यक्रम साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में अधिकारी एवं छात्र मौजूद रहे।

भास्कर ब्यूरो जनपद अमरोहा दिनॉक 21.06.2025

# साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता ही बचाव का पहला कदमः एडीजी रमित शर्मा

## कार्यशाला में साइबर क्राइम से सुरक्षित रहने के गुर सिखाए

भास्कर ब्यूरो,



गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में यूपी पुलिस के तत्वावधान में 'राष्ट्रीय साईबर सुरक्षा कार्यशाला-2025' का आयोजन किया गया। आगामी पंद्रह दिनों तक चलने वाली इस राष्टीय कार्यशाला में देशभर से आये साढ़े पांच सौ से अधिक प्रतिभागियों को देश के जाने माने दो दर्जन से अधिक साईबर एक्सपर्ट ने साईबर क्राइम से सुरक्षित रहने के गुर सिखाये।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ सीवी रमन सभागार में आयोजित कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा, अमरोहा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया, कुलपति कृष्ण कान्त दवे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया।

अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने कहा, साइबर क्राइम आज राष्टीय सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती है, इससे बचने के लिए जागरुकता प्रथम कदम है। उन्होंने 1930 या साइबर क्राइम की वेबसाइट में शिकायत दर्ज कराने की बात कही।

इस अवसर पर कुलसचिव प्रोफेसर पीयूष पाण्डे, डॉ राजेश सिंह, डॉ सुमन कश्यप, डॉ अंजलि भारद्वाज, साईबर एक्सपर्ट मनु शर्मा, डॉ स्नेहलता, डॉ विकास पाण्डेय, डॉ अमित कुमार, दीक्षा, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ प्रताप सिह, विश्वास राणा आदि उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र के बाद प्रतिकुलाधिपति डॉ राजीव त्यागी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के साथ मिलकर सभी को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया।

यौमी समाचार जनपद बिजनौर दिनॉक 21.06.2025

# एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने कांवड़ यात्रा एवं मोहर्रम तैयारियों महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर की समीक्षा

## गूगल मीट के माध्यम से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर निम्न दिशा-निर्देश दिये



**यौमी समाचार ब्यूरो**

---

**लखनऊ।** अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा द्वारा गूगल मीट के माध्यम से वीडियो कांफ्रेंसिंग कर आगामी त्यौहार (श्रावण मास/कांवड़ यात्रा एवं मोहर्रम) को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु की गयी तैयारियों एवं कानून-व्यवस्था आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक कर निम्न दिशा-निर्देश दिये गये। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने आगामी त्यौहारों ((श्रावण मास/कांवड़ यात्रा एवं मोहर्रम)) आदि को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रत्येक थाने पर त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर लिया जाये तथा प्रत्येक थानाक्षेत्र में शान्ति समितियों/धर्मगुरूओं की बैठक कर ली जाये। उक्त पर्वों पर कोई नई परम्परा नहीं पड़ने दी जाये तथा ऐसे स्थानों को चिन्हित कर लिया जाये जहॉ पर पूर्व में विवाद हुआ हो तथा उन स्थानों पर राजपत्रित अधिकारीगण द्वारा मौके पर जाकर भौतिक निरीक्षण कर लिया जाये एवं पूर्व में हुए विवादों में चिह्नित अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए उनपर सतर्क दृष्टि रखी जाये। संवेदनशील स्थानों पर उच्चाधिकारीगण स्वयं मौके पर जाकर समीक्षा कर लें कि वर्तमान में वहॉ पर कोई विवाद की स्थिति तो नहीं है। उक्त त्यौहारों पर निकलने वाले जुलूसों के साथ बॉक्स फार्मेशन में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाये तथा जुलूस के मार्ग पर रूफटॉप ड्यूटी लगाने के साथ-साथ सादे वस्त्रों में भी जुलूस में ड्यूटी लगायी जाये।

ड्रोन कैमरों के माध्यम से जुलूस के मार्गों का निरीक्षण किया जाये। कानून व्यवस्था एंव साप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये।